भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता–ज्ञान प्रबंधन प्रकोष्ठ, एनएचएसआरसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक तकनीकी सहयोग संगठन है, जो स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य करता है। एनएचएसआरसी में विभिन्न प्रभाग अपने तकनीकी क्षेत्र के अनुसार एनएचएम के कार्यान्वयन में योगदान करते हैं। एनएचएसआरसी की ज्ञान प्रबंधन इकाई प्रकाशनों और अन्य संसाधनों के माध्यम से मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रभागों और मंत्रालय के साथ समन्वय करती है।

ज्ञान प्रबंधन इकाई प्रकाशनों एवं अन्य संबंधित सामग्री सहित इकाई की विभिन्न गतिविधियों के समन्वय के लिए एक परामर्शदाता की भर्ती करने की इच्छुक है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

परामर्शदाता, ज्ञान प्रबंधन इकाई, प्रभारी के समग्र मार्गदर्शन में कार्य करेगा और सहयोग प्रदान करेगा। उन्हें निम्नलिखित कार्य करने होंगेः

- सभी प्रभागों और मंत्रालय के प्रकाशनों का समन्वय करना।
- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की अच्छी पद्धतियों और नवाचारों का प्रलेखन, प्रसंस्करण और डेटा प्रबंधन।
- एनएचएसआरसी की वेबसाइट को अद्यतन करना और संशोधित करना।
- जन स्वास्थ्य संबंधी विषयों के लिए ई–प्रकाशन और सोशल नेटवर्किंग साइटों पर कार्य करना।
- प्रकाशन का प्रबंध और सभी प्रभागों में उनकी प्रगति का रिकार्ड रखना।
- प्रभाग/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप डिजाइन की समीक्षा, सुधार और परिवर्तनों के लिए वेंडर से संपर्क स्थापित करना।
- प्रकाशनों और गोदाम का स्टॉक प्रबंधन।

योग्यता और अनुभवः

- किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक। बीसीए/एमसीए योग्यता वांछनीय है।
- प्रकाशनों, डेटा प्रबंध/आईटी सहयोग/वेबसाइट प्रबंध और प्रशासनिक कार्यों का योग्यता उपरांत न्यूनतम 2 वर्षों का कार्य अनुभव।
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट, एमएस ऐक्सेस जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता। वेब डिजाइनिंग एवं विकास और डेटाबेस का ज्ञान।
- प्रकाशन डिजाइन और मुद्रण का ज्ञान।
- अंग्रेजी और हिंदी की अच्छी जानकारी।
- बहु–अनुशासनात्मक टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।

उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः 40 वर्ष तक *(आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)*

कार्य स्थलः नई दिल्ली।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. तक
*****योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को दिनांक 4 मार्च, 2020 तक recruitments.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।